# शिरडी वाले बाबा तेरे दर पे मै आया भजन लिरिक्स

शिरडी वाले बाबा तेरे,
दर पे मै आया,
महिमा सुन कर बाबा तेरी,
दर पे मै आया,
श्रद्धा के मै सुमन चढाऊँ,
सुनले अर्जी मेरी,
तू अपनाना या ठुकराना,
आगे मर्जी तेरी,
दया कर शिरडी वाले,
कृपा कर शिरडी वाले।bd।

तर्ज – उड़जा काले कावा।

---

जिसने जो भी माँगा तुमसे,
उसने वो पाया,
सबकी इक्छा पूरी करते,
जो मन मे लाया,
पर मै न तुमसे कुछ माँगू,
इतनी अर्जी मेरी,
सेवक अपना मुझको बनाले,
हो जो मर्जी तेरी,
दया कर शिरडी वाले,
कृपा कर शिरडी वाले।bd।

---

तेरी कृपा से ही मैने,
यह नर तन पाया,
लेकिन जग फँस कर मैने,
तुमको बिसराया,
पर अब मै ध्याऊँगा तुमको,
ऐ मेरे साँई बाबा,
ले लो शरण मे मुझ अधमी को,
ऐ मेरे साँई बाबा,
दया कर शिरडी वाले,
कृपा कर शिरडी वाले।bd।

---

तुमने अपने भक्तो को प्रभू,
भव से तारा,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

दीन हीन के इस कलियुग मे,
बाबा तुम्ही सहारा,
मै भी आया दर पे बाबा,
सुन कर नाम तुम्हारा,
ज्योत जगादो घट मे बाबा,
मिट जाए अँधियारा,
दया कर शिरडी वाले,
कृपा कर शिरडी वाले।bd।

---

शिरडी वाले बाबा तेरे,
दर पे मै आया,
महिमा सुन कर बाबा तेरी,
दर पे मै आया,
श्रद्धा के मै सुमन चढाऊँ,
सुनले अर्जी मेरी,
तू अपनाना या ठुकराना,
आगे मर्जी तेरी,
दया कर शिरडी वाले,
कृपा कर शिरडी वाले।bd।

– भजन लेखक एवं प्रेषक –
श्री शिवनारायण वर्मा,
मोबा.न.8818932923

वीडियो उपलब्ध नहीं।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com